राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने गाँधी मैदान स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 02 अक्टूबर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती–वर्षगाँठ के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में अवस्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

समारोह में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करनेवालों में उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधान सभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नन्दन प्रसाद वर्मा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी आदि प्रमुख थे। प्रतिमा पर कई विधायकों, विधान पार्षदों, जन–प्रतिनिधियों, वरीय प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों–प्रतिनिधियों आदि ने भी माल्यार्पण किया।

समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन तथा भजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों का गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

....